BYJU'S EXAM PREP

# Daily Current Affairs 07 June 2022



byjusexamprep.com

## Index

- राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान (एनटीआरआई)
- सीतल षष्ठी महोत्सव
- खेलो इंडिया युवा खेल-2021 की पदक तालिका में महाराष्ट्र को प्रथम स्थान
- फ्रेंच ओपन (टेनिस)
- एफ.आई.एच. हॉकी 5-एस चैंपियनशिप
- स्टेट ऑफ इंडियाज़ एन्वायरनमेंट रिपोर्ट 2022
- बहुराष्ट्रीय शांति अभ्यास-एक्स खान क्वेस्ट-2022
- Ex SAMPRITI-X

## Important News: National

### 1. राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान (एनटीआरआई)

**चर्चा में क्यों:**



- जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के एक हिस्से के रूप में गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा नई दिल्ली में राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान (एनटीआरआई) का उद्घाटन किया गया।

**प्रमुख बिंदु:**

- राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान जनजातीय द्वारा अनुसंधान संस्थानों (टीआरआई), उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई), एनएफएस के शोध विद्वानों की परियोजनाओं की निगरानी की जाएगी साथ ही अनुसंधान और प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार के लिए मानदंड भी स्थापित किये जायेंगे।
- आयोजन के दौरान देश भर के 100 से अधिक आदिवासी कारीगर और आदिवासी नृत्य कलाकार द्वारा अपने स्वदेशी उत्पादों और कलाओं का प्रदर्शन भी किया जायेगा।
- एनटीआरआई राष्ट्रीय स्तर का एक प्रमुख संस्थान होगा जिसके तहत शैक्षणिक, कार्यकारी और विधायी क्षेत्रों में जनजातीय चिंताओं, मुद्दों और मामलों का मुख्य केंद्र में शामिल किया जा सकेगा।
- एनटीआरआई का उद्देश्य प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्थानों, विश्वविद्यालयों, संगठनों के साथ-साथ शैक्षणिक निकायों और संसाधन केंद्रों के साथ सहयोग और नेटवर्क प्रदान करना है।

स्रोत: पीआईबी

# Important News: State

## 2. सीतल षष्ठी महोत्सव

**चर्चा में क्यों:**




- ओडिशा में हिन्दुओं के पावन त्योहार सीतल षष्ठी महोत्सव का आयोजन किया गया है।

**प्रमुख बिंदु:**

- 7 दिन तक आयोजित होने वाला सीतल षष्ठी त्योहार भगवान शिव और देवी पार्वती के विवाह के उपलक्ष्य में प्रति वर्ष मनाया जाता है।
- हिंदू कैलेंडर के अनुसार सीतल षष्ठी का त्योहार का आयोजन ज्येष्ठ महीने के शुक्ल पक्ष के छठे दिन किया जाता है।
- मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव चिलचिलाती गर्मी का स्वरूप हैं और देवी पार्वती पहली बारिश का प्रतीक हैं, इसलिए यह पर्व शिव-पार्वती विवाह के भव्य आयोजन और अच्छे मॉनसून की अपेक्षा में प्रति वर्ष मनाया जाता है।

**स्रोत: ऑल इंडिया रेडियो**

## 3. खेलो इंडिया युवा खेल-2021 की पदक तालिका में महाराष्ट्र को प्रथम स्थान

**चर्चा में क्यों:**



- खेलो इंडिया युवा खेल-2021 की पदक तालिका में महाराष्ट्र नौ स्वर्ण पदकों के साथ प्रथम स्थान पर है।

**प्रमुख बिंदु:**

- मेजबान हरियाणा राज्य खेलो इंडिया युवा खेल-2021 में दूसरे स्थान पर रहा जिसने छह स्वर्ण पदक अपने नाम किये हैं।
- वहीं मणिपुर राज्य चार स्वर्ण पदक सहित छह पदकों के साथ पदक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा है।
- मणिपुर द्वारा चार स्वर्ण पदक थांग-टा स्पर्धा में जीते गए है, थांग-टा मणिपुर राज्य का एक स्थानीय खेल है जिसे पहली बार खेलो इंडिया में शामिल किया गया था।

- इस भव्य आयोजन में 25 तरह के खेल आयोजित किये गए थे, जिनमें पाँच पारंपरिक खेल, जैसे- गतका, कलारीपयट्टू, थांग-ता, मलखंब और योगासन शामिल थे जिसमे 8,000 से अधिक एथलीट्स द्वारा भाग लिया गया है।
- खेलो इंडिया जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने और देश भर से युवा प्रतिभाओं की पहचान करने के लिए यह भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल का हिस्सा है।

**स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडिया**

# Important News: Sports

### 4. फ्रेंच ओपन (टेनिस)

**चर्चा में क्यों:**



- फ्रेंच ओपन टेनिस में स्पेन के राफेल नडाल द्वारा फाइनल में नॉर्वे के कैस्पर रूड को 6-3, 6-3, 6-0 से हराकर टूर्नामेंट का 14वां एकल खिताब अपने नाम किया।

**प्रमुख बिंदु:**

- इस जीत के साथ 36 वर्षीय नडाल, रोलैंड गैरोस में हिस्सा लेने वाले सबसे अधिक आयु के खिलाडी है।
- राफेल नडाल द्वारा इस वर्ष 22वां ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम किया है।
- महिला एकल में, विश्व की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी इगा स्विएटेक द्वारा पेरिस में अमेरिकी किशोरी कोको गौफ को हराकर इस साल का खिताब अपने नाम किया है।
- 21 वर्षीय पोलिश खिलाड़ी ने गौफ पर सीधे सेटों में 6-1, 6-3 से अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम किया है।

**स्रोत: ऑल इंडिया रेडियो**

### 5. एफ.आई.एच. हॉकी 5-एस चैंपियनशिप

**चर्चा में क्यों:**



- भारत द्वारा पहली बार आयोजित एफ.आई.एच. हॉकी 5-एस चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया गया है।

**प्रमुख बिंदु:**

- स्विट्जरलैंड के लुसान में आयोजित फाइनल मुकाबले में भारत ने पोलैंड को 6-4 से हराकर यह ख़िताब अपने नाम किया है।
- टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने एक भी मैच नहीं हरा है, पांच टीमों के इस टूर्नामेंट में भारत लीग मुकाबलों के बाद 10 अंक के साथ पहले स्थान पर रही जिसमे भारतीय टीम ने तीन मुकाबले जीते जबकि एक ड्रॉ रहा।
- हॉकी 5-एस बहुत तेजी और उच्च कौशल के साथ खेला जाने वाला हॉकी का नया और छोटा प्रारूप है, जिसकी अवधि 20 मिनट की होती है तथा दोनों टीम में पांच-पांच खिलाड़ी होते हैं।
- 2014 में नानजिंग युवा ओलिंपिक खेलों में पहली बार हॉकी 5-एस मुकाबला खेला गया था।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

## Important News: Enviornment

### 6. स्टेट ऑफ इंडियाज़ एन्वायरनमेंट रिपोर्ट 2022

**चर्चा में क्यों:**

- पर्यावरण एनजीओ, सेंटर फॉर साइंस द्वारा 2022 की पर्यावरण रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर चार नदी निगरानी स्टेशनों में से तीन में सीसा, लोहा, निकल, कैडमियम, आर्सेनिक, क्रोमियम और तांबे जैसी भारी जहरीली धातुओं के खतरनाक स्तर पोस्ट किए गए हैं।



**प्रमुख बिंदु:**

- रिपोर्ट पर्यावरण-विकास डेटा का एक वार्षिक संग्रह है जो सार्वजनिक स्रोतों से प्राप्त किया जाता है।
- रिपोर्ट के अनुसार प्रदूषण के लिए निगरानी किए गए 588 जल गुणवत्ता स्टेशनों में से, 21 राज्यों के 239 और 88 स्टेशनों में कुल कोलीफॉर्म और जैव रासायनिक ऑक्सीजन की मांग अधिक थी।
- रिपोर्ट के अनुसार, भारत अपना 72 फीसदी सीवेज बिना ट्रीटमेंट के ऐसे ही डंप कर देता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, भारत के दस राज्य अपने सीवेज का उपचार नहीं करते हैं।
- भारत की एक तिहाई से अधिक तटरेखा जो 6,907 किलोमीटर में फैली हुई है, उसमे 1990 और 2018 के बीच कुछ हद तक कटाव देखा गया है जिसमे पश्चिम बंगाल अपनी 60% से अधिक तटरेखा के कटाव के साथ सबसे बुरी तरह प्रभावित होने वाला राज्य है।
- तटीय कटाव के कारणों में चक्रवातों की आवृत्ति में वृद्धि और समुद्र के स्तर में वृद्धि और बंदरगाहों का निर्माण, समुद्र तट खनन और बांधों के निर्माण जैसी गतिविधियां शामिल हैं।

स्रोत: द हिंदू

# Important News: Defense

## 7. बहुराष्ट्रीय शांति अभ्यास-एक्स खान क्वेस्ट-2022

**चर्चा में क्यों:**




- मंगोलिया में भारत सहित 16 देशों की सैन्य टुकड़ियों के साथ बहुराष्ट्रीय शांति अभ्यास-एक्स खान क्वेस्ट-2022 की शुरूआत की गयी है।

**प्रमुख बिंदु:**

- मंगोलिया के राष्ट्रपति उखनागिन खुरेलसुख द्वारा इस अभ्यास का उद्घाटन किया गया है।
- भारत की ओर से भारतीय सेना का लद्दाख स्काउट्स का एक दल बहुराष्ट्रीय शांति अभ्यास-एक्स खान क्वेस्ट-2022 में भाग लेगा।
- 14 दिवसीय बहुराष्ट्रीय शांति अभ्यास-एक्स खान क्वेस्ट-2022 का उद्देश्य हिस्सा लेने वाले देशों के मध्य अंतर-संचालन को बढ़ावा देना, सेनाओं के बीच संबंधों का निर्माण, शांति सहायक संचालन और सैन्य तैयारियों को विकसित करना है।
- बहुराष्ट्रीय शांति अभ्यास-एक्स खान क्वेस्ट-2022 का लक्ष्य अभ्यास में भाग लेने वाले देशों के बीच रक्षा सहयोग के स्तर में वृद्धि करना है।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

### 8. Ex SAMPRITI-X

**चर्चा में क्यों:**

- भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के हिस्से के रूप में, 05 जून से 16 जून 2022 तक बांग्लादेश के जशोर सैन्य स्टेशन में आयोजित एक संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास Ex SAMPRITI-X आयोजित किया गया है।




**प्रमुख बिंदु:**

- Ex SAMPRITI-X अभ्यास में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व डोगरा रेजिमेंट की एक बटालियन द्वारा किया जायेगा।
- संप्रीति अभ्यास दोनों देशों द्वारा बारी-बारी से आयोजित एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय रक्षा सहयोग प्रयास है जिसका उद्देश्य दोनों देशो की सेनाओं के मध्य अंतरसंचालनीयता और सहयोग के पहलुओं को मजबूत और व्यापक बनाना है।
- संयुक्त सैन्य अभ्यास Ex SAMPRITI-X के दौरान, दोनों राष्ट्रों की सेनाएं संयुक्त राष्ट्र के जनादेश के तहत आतंकवाद, मानवीय सहायता और आपदा राहत जैसे कई परिदृश्यों में विशेषज्ञता साझा की जाएँगी।

**स्रोत: ऑल इंडिया रेडियो**